तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 अगस्त 2025

11 डाइट हुसैनपुर में पांच दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का समापन, 53 शिक्षकों ने ली ट्रेनिंग



12 जनप्रतिनिधियों को अनसुना कर रहे अफसर, एमएलए ने की निगम के एसडीओ की शिकायत



## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर महिला को तंग करने और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच मीडिएशन से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने पर पुलिस ने 23 जून को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के सीवन निवासी राकेश को काबू किया है। उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### सड़क हादसे के बाद फरार चालक काबू

**धारूहेड़ा।** कसोला थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद मौके से फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। कसोला चौक पर गत 21 अगस्त को हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया था। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के बसावन निवासी महेंद्र को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट

**धारूहेड़ा।** फदनी गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गांव की एक महिला मंजू देवी पर मांढैया निवासी रोहित व निमोठ निवासी बिरेंद्र ने हमला कर दिया था। उसे ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया था। गांव के लोगों ने दोनों आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया। बाद में आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने खुर्शीदनगर में जून माह में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने गांव के कई आरोपियों के खिलाफ 21 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद से ही आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर थे। इस मामले में पुलिस ने खुर्शीदनगर निवासी विजयपाल, राहुल व महेश को गिरफ्तार कर लिया। बाद में तीनों आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने संघी का बास में एक व्यक्ति को अवैध शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी मोहल्ला निवासी जोगिंद्र अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापामारी की, तो आरोपी कब्जे से 11 बोतल देशी शराब बरामद हुई। शराब बेचने के बाद मिले 420 रुपये भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिए। उसे मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### हमारा परिवार संस्था का कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 24 अगस्त को पंजाबी धर्मशाला में नई उमंगों का कार्यक्रम आओ मिलकर रेवाड़ी को बनाएं खुशियों में नंबर वन का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि हरियाणा बोर्ड भिवानी के पूर्व अध्यक्ष वीपी यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि तथा श्रीराम वाहिनी गोरक्षा समिति की जिला अध्यक्ष द्वीपा भारद्वाज विशिष्टातिथि रहेंगी। संस्था की ओर से रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन की प्रधान नेहा शर्मा, ग्रीवेंस कमेटी की सदस्य नीरू भारद्वाज, पर्यावरणविद् अनुराधा सैनी व समाजसेवी हेमंत ग्रोवर का अभिनंदन किया जाएगा।

### पिछले एक दशक से नालों की सफाई में नगर परिषद कर रही खानापूर्ति

# नालों की सफाई का 60 लाख रुपये का ठेका, फिर भी सड़कों पर मिल रही काले पानी की सजा

■ मानसून सीजन में गंदगी से सरोबार शहर के कई नाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में कहीं सीवर ओवरफ्लो हो रहा है तो कहीं उफनते नालों का गंदा पानी सड़कों पर जमा होकर लोगों के लिए आफत बना हुआ है। मानसून के सीजन में पिछले एक दशक से लाखों का ठेका देने के बाद भी शहर के नालों की सफाई ठीक से नहीं की जा रही है। इस बार नगर परिषद की ओर से शहर के नालों की सफाई के लिए करीब 60 लाख रुपये का ठेका दिया है, लेकिन फिर सड़कों पर नालों का काला पानी जमा हो रहा है। सरकुलर रोड सहित कई नालों की सफाई में खानापूर्ति कर दी गई है। पिछले एक दशक से शहर के नालों की सफाई ठीक तरह से नहीं होने के कारण मानसून आने पर शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। बरसात आने पर सरकुलर रोड, अंडरपास, मेन बाजार सहित अन्य जगहों पर जलभराव हो रहा है। सबसे ज्यादा हालत नाईवाली सब्जीमंडी व सती कॉलोनी के सामने की है। जहां बिना बरसात के भी नालों को गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है।







रेवाड़ी। गंदगी से लबालब बावल रोड का बरसाती नाला, सती कॉलोनी चौक पर जमा गंदा पानी व फंसा ऑटो, सती कॉलोनी चौक पर रात के समय जमा नाले का गंदा पानी। फोटो :हरिभूमि

### गंदगी से सरोबार नजर आ रहे नाले

शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन प्रति वर्ष सुस्त नजर आता है। मानसून आने से पहले नालों की सफाई को लेकर अधिकारियों की ओर से बैठक करके आदेश दिए जाते है। वर्तमान में शहर के बावल रोड पर बरसाती नाला, मिनी बाइपास से साधूशाह नगर जा रहा बरसाती नाला, दिल्ली रोड का बरसाती नाला, ऑटो मार्केट का नाला, राव तुलाराम पार्क के पास का नाला, मॉडल टाउन का नाला व नारनौल रोड स्थित नाला सहित सरकुलर रोड के नाले गंदगी से सरोबार है। नालों में जमा गंदगी में पॉलीथिन व कांच की बोतलों की भरमार है।

### कागजों में हो रही नालों की सफाईः एडवोकेट

एडवोकेट मोन राव का कहना है कि नगर परिषद ने नालों की सफाई का लाखों रुपये का टेंडर दिया था, लेकिन नालों की सफाई सिर्फ कागजों में ही की जा रही है। सरकुलर रोड स्थित सती कॉलोनी चौक के पास नाले गंदगी से भरे हुए है, जिसके कारण गंदा पानी उफान मारकर सड़क पर जमा हो रहा है। इसी मार्ग से रोजाना अधिकारी गुजरते है, लेकिन समस्या की ओर ध्यान तक नहीं दिया जा रहा है। बरसात आने पर नाई वाली सब्जी मंडी भी पूरी तरह गंदे पानी से भर जाती है, दुकानदारों का कामकाज ठप्प हो जाता है। सब्जीमंडी के दुकानदारों की ओर से अधिकारियों को कई बार शिकायत देने के बाद भी नालों की सफाई नहीं कराई जा रही है। सती कॉलोनी के सामने चौक पर गंदे पानी में गड्ढे दिखाई न देने के कारण वाहन भी फंस रहे है। मानसून आने से पहले नालों की सफाई को लेकर अधिकारियों की ओर से बैठक करके आदेश दिए जाते है, हकीकत में इन आदेशों पर अमल कम किया जाता है।

## प्रोफेसर दीपक गुप्ता ने संभाला डीन ऑफ कॉलेज का पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



दीपक गुप्ता

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के वाणिज्य विभाग में कार्यरत प्रोफेसर दीपक गुप्ता ने डीन ऑफ कॉलेज का पदभार संभाल लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनके शैक्षणिक अनुभव, दक्षता, कुशलता एवं शोध कार्यों को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। प्रोफेसर दीपक गुप्ता निदेशक, इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर पद का कार्यभार भी देख रहे हैं। पूर्व में निदेशक प्लेसमेंट सेल, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक, लाइब्रेरी इंचार्ज व समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष भी रहे है। उन्होंने विवि के मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट पर भी पूर्ण रूप से सफलता हासिल की है। वे चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी में भी प्रोफेसर पद पर कार्य कर चुके है। प्रोफेसर गुप्ता ने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने कार्य को ईमानदारी, कर्मठता, मेहनत एवं लग्न के साथ करते हुए विश्वविद्यालय को ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे।

## कंपनी में निवेश के नाम पर ठगी का दूसरा आरोपी काबू

■ एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने कंपनी में निवेश के नाम पर लाखों रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

गत 3 जुलाई को सेक्टर-3 निवासी विजय कुमार गुप्ता ने पुलिस शिकायत में बताया था कि वह एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है। सोशल मीडिया पर पैसा निवेश करने का विज्ञापन देखने के बाद गत 15 मई को उसे एक व्हाट्सएप नंबर मिला था। जिसके बाद उसका व्हाट्स पर एक महिला से संवाद होना शुरू हो गया। महिला ने अपना नाम मिस सरोज गुप्ता बताते हुए खुद को एसबीआई सिक्योरिटी लि. की इन्वेस्टमेंट एडवाइजर बताया था। इन्वेस्टमेंट के लाभ के बारे में जानकारी देने के बाद महिला ने उसके पास एक लिंक भेजा था। उसे बल्क ट्रेडिंग और लॉगिन करने के बारे में बताया गया था। पहली बार पैसा इन्वेस्ट करने पर उसके खाते में अच्छा प्रॉफिट भी दशार्या गया। उसने अपनी पत्नी सुनीता गुप्ता के बैंक खाते से 18 ट्रांजेक्शन के जरिए विभिन्न खाता नंबरों पर कुल 93 लाख 20 हजार 870/- रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसने पैसा रिफंड कराने का प्रयास किया, तो उससे और पैसा जमा कराने के लिए कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला। जिस पर पुलिस ने साइबर थाना रेवाड़ी में ठगी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त एक आरोपी महाराष्ट्र के अकोला के सिद्धार्थ नगर हाल आबाद पवन पार्क सोसाइटी न्यू तापडिया नगर महाराष्ट्र अकोला निवासी सतीश प्रकाश इंगले को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।





रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी नीरज सिंह। फोटो :हरिभूमि

### उत्तराखंड से काबू किया गया आरोपी

साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में संलिप्त एक और आरोपी उत्तराखंड के जिला नैनीताल के काठगोदाम हाल आबाद उत्तराखंड के ट्रांजिट कैंप वार्ड नं 2 निवासी नीरज सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सतीश प्रकाश इंगले से पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ था कि सतीश प्रकाश इंगले के बैंक खाते में ठगी की 14 लाख रुपये की राशी ट्रांसफर हुई थी। आरोपी नीरज सिंह ने सतीश प्रकाश इंगले का बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी। पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## डीटीपी टीम का राजस्व सीमा में एक्शन दो जगह 9 एकड़ की अवैध कॉलोनी ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी की टीम ने शुक्रवार को बावल से रसियावास रोड व दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित हो रही लगभग 9 एकड़ की अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की इस कार्रवाई से अवैध रूप से निर्माण करने व कॉलोनियां काटने वाले लोगों में खलबली मच गई। डीटीपी ने बिना अनुमति कॉलोनियां विकसित करने वाले व प्लॉटिंग के बाद निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की हुई है। शुक्रवार को डीटीपी की टीम रसियावास रोड पर जेसीबी मशीन और पुलिस बल के साथ पहुंची। इस दौरान डीटीपी की टीम ने करीब 6 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में 23 डीपीसी, 15 परिकास्ट चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को जमींदोज किया। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने बावल क्षेत्र में दिल्ली-जयपुर हाइवे पर 3 एकड़ की अवैध कॉलोनी में 14 डीपीसी, 5 परिकास्ट चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को ध्वस्त कर किया। भारी पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ।







`वाड़ी। अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी, अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में न आएं नागरिकः डीटीपी



डीटीपी मंदीप सिहाग।

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। अभी नई कॉलोनियों को रेगुलर को करने की सरकार की कोई योजना नहीं है। बिना अनुमति किए जाने वाले निर्माण किसी भी सूरत में छोड़े नहीं जाएंगे।

### अवैध शराब बेचने के आरोप में दो लोगों को किया काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मारकर दो लोगों को अवैध शराब के साथ काबू किया है। उनके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने गत 24 मई को सैय्यद कॉलोनी धारूहेड़ा में एक बाइक साढे 15 बोतल शराब सहित बरामद की थी। बाइक पर सैय्यद कॉलोनी निवासी देव शराब बेच रहा था, जो पुलिस को देखकर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी देव को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में पुलिस ने संघी का बास निवासी जोगिंद्र को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। एसपी हेमंत कुमार मीणा ने बताया कि सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अवैध धंधों को अंजाम देने वाले लोगों पर नजर रखने के निर्देश दिए हुए हैं। असामाजिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले लोगों की लगातार धरपकड़ की जा रही है।

### ऑनलाइन टास्क के नाम पर ठगी करने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने गांव सुधराणा निवासी एक युवती से ऑनलाइन टास्क के नाम पर 1.14 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के जिला चुरू के मोहल्ला अथूना नियर मदीना मस्जिद वार्ड नं 9 निवासी समीर व जिला चुरू के शेखावत कॉलोनी निवासी सोयल के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 5 जनवरी को गांव सुधराणा निवासी युवती ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत वर्ष 31 दिसंबर को उसके मोबाइल फोन पर एक मैसेज आया था। उसे गूगल मैप पर रेस्टोरेंट के रिव्यू करने पर पैसा कमाने का लालच दिया गया था। उसे एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। सबसे पहले उसे 1 हजार रुपये जमा कराने पर 1400 रुपये दिए गए। इसके बाद 3 हजार रुपये जमा कराकर 3800 रुपये दिए गए। इसके बाद वह उनके झांसे में आ गई। इसके बाद उससे पांच अलग अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 1 लाख 14 हजार 120 रुपये ट्रांसफर करा लिए। जब उससे और पैसे जमा कराने के लिए कहा गया, तो उसे ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी सोनू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी सोनू के खाते में 29 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त दो और आरोपी समीर व सोयल को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी समीर के बैंक खाते में ठगी की 50 हजार रुपये की राशी ट्रांसफर हुई थी तथा आरोपी सोयल ने समीर का बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।





रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी के आरोपी।

### आज भी हल्की बरसात होने की संभावना, सप्ताह भर मौसम साफ रहने के आसार नहीं

# बूंदाबांदी के बाद पारा मामूली गिरा, उमस भरी गर्मी से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मानसून की विदाई से पहले आसमान में बादलों के बीच जिले के कई भागों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश हुई, परंतु इससे उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिली। तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई। हवा में नमी के चलते उमस और बढ़ गई, जिससे लोगों को पसीने-पसीने होना पड़ा। अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ होने के आसार नहीं हैं। शनिवार को आसमान में बादलों के बीच हल्की बारिश हो सकती है। शुक्रवार को सुबह के समय मौसम साफ रहा। बाद में आसमान में बादल गहरा गए। दोपहर के समय कुछ इलाकों में बूंदाबांदी, तो कुछ में हल्की बरसात हुई। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 34.5 डिग्री पर आ गया। रात का तापमान भी 0.3 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 75 प्रतिशत तक रहा, जबकि हवाओं की गति 8 किमी प्रति घंटा रही। बार-बार हो रही बूंदाबांदी के कारण वातावरण में नमी और उमस बढ़ने से गर्मी का असर कम नहीं हो पा रहा है। दोपहर के समय बूंदाबांदी के बाद शाम को धूप निकलते ही उमस भरी गर्मी का असर बढ़ गया, जिससे लोग पसीने में तर-बतर होते रहे। अगस्त माह में एक-दो दिन अच्छी बारिश के बाद लोगों को लगातार उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून कमजोर पड़ रहा है। एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने की संभावना नहीं है। 23 अगस्त को आसमान में बादलों के बीच हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। दो-तीन दिनों में अच्छी बारिश भी हो सकती है। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।



रेवाड़ी। शुक्रवार दोपहर को छाए बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

### किसानों के लिए बढ़ेगी परेशानी

मौसम अभी तक खरीफ फसलों के लिए अनुकूल बना रहा है। समय-समय पर होने वाली बरसात से कपास और बाजरा फसलों को अच्छा लाभ मिला है। दोनों फसल पकाव की ओर अग्रसर हैं। बाजरे की अगेती फसल पककर तैयार हो रही है। किसान फसल कटाई शुरू करने वाले हैं। इस समय अगर बारिश होती है, तो इससे बाजरे की फसल को नुकसान हो सकता है। तेज हवाओं के साथ बारिश किसानों की तैयार फसल को खराब कर सकती है। ऐसे में किसान अब फसल कटाई तक बारिश नहीं होने की कामना करने लगे हैं।

### यादव कल्याण सभा का निःशुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 24 अगस्त को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाओं के साथ फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। सभा के प्रवक्ता प्रो सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एसपी यादव मेडिसिन, डा. प्रशांत यादव हड्डीरोग, डा. पवन यादव न्यूरोसर्जरी, डा. कंचन यादव नेत्ररोग, डा. कोमल यादव दंतरोग व डा. सुमन यादव स्त्रीरोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी कंसल्टेंसी के लिए उपलब्ध रहेंगे।



## सलमान ने लद्दाख में शुरू की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि सलमान ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की पहली शूटिंग लद्दाख में शुरू हुई है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित है। इस तस्वीर में सलमान खान नीले रंग के कपड़ों में दिख रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो चुकी है। इस तस्वीर के सामने आने से सलमान के प्रशंसकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले मुंबई में शूटिंग को किसी कारण से स्थगित कर दिया गया था।

लाइफ Style



## कृति वेतन में समानता क्यों नहीं है?

कृति सेनन बॉलीवुड से जुड़े खास मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखती है। हाल ही में वह फिल्म इंडस्ट्री के इनकम गैप के बारे में बात करती दिखीं। आज भी हीरो और हीरोइन की फीस में जमीन और आसमान का अंतर है। इस बारे में भी कृति सेनन अपनी राय रख रही हैं।

मुंबई।कृति सेनन ने अपने कॅरियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है। कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि, कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात (इनकम गैप) हमें सबसे ज्यादा चुभती है। कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।'कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी।

### हॉलीवुड मसाला



## एमिली की जिंदगी में होगा ड्रामा

**लॉस एंजिल्स।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई सीरीज ने कब्जा किया है। इनमें से एक अमेरिकन कॉमेडी ड्रामा एमिली इन पेरिस भी शामिल है। चार हिट सीजंस के बाद एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन आ रहा है। हाल ही में, एमिली इन पेरिस सीजन 5 की रिलीज डेट अनाउंस की गई है। पांचवां सीजन इसी साल दिसंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाला है। बात करें सीरीज की कास्ट तो इसमें मिली कॉलिन्स के अलावा लीड रोल में लुकास ब्रेवो, एशली पार्क, कैमिली रजात, लूसियन लेविसकाउंट और यूजेनियो फ्रांसेचिनी जैसे कलाकार हैं।




## एम्परर ऑफ सैंड और वन्स मोर राउंड द सन से हुए प्रसिद्ध

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता और हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट ब्रेंट हिंड्स का अटलांटा में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में निधन हो गया। उन्होंने 52 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। विलियम ब्रेंट हिंड्स एक अमेरिकी संगीतकार थे, जो अटलांटा हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के प्रमुख गिटारिस्ट के रूप में जाने जाते थे। मैस्टोडॉन के दो एल्बम काफी प्रसिद्ध हुए थे, जिनमें एक 2017 का 'एम्परर ऑफ सैंड' है और दूसरा 2014 में आया 'वन्स मोर राउंड द सन' है। साथ ही आपको बताते चलें कि ब्रेंट ने साल 2025 के मार्च महीने में बैंड छोड़ दिया था। उनके जाने का कोई कारण नहीं बताया गया। हालांकि, बैंड ने कहा था कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया था।



## टाइगर और हरनाज की सिजलिंग केमिस्ट्री

**मुंबई।** शुक्रवार को 'बागी 4' के निर्माताओं ने फिल्म का एक और धमाकेदार गाना 'बहली सोहनी' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के हॉट मूव्ज और हरनाज के सिजलिंग डांस ने फैंस का दिल जीत लिया है। टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म बागी 4 के लेटेस्ट गाने 'बहली सोहनी' को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है।.. और वाइब हिट हो जाता है।. यह अब केवल संगीत नहीं है - यह 'बहली सोहनी' है। सॉन्ग आउट हो गया है। 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर और हरनाज के फैंस को उनका यह गाना शानदार लग रहा है। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार, एक और फैन ने लिखा, जबरदस्त डांस, तो वहीं कई फैंस ने लाल दिल वाले और फायर इमोजी बनाए हैं।



## अमिताभ ने केबीसी कंटेस्टेंट संग किया फ्लर्ट

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन महिला कंटेस्टेंट के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ कंटेस्टेंट को पानी पिलाने के बाद नैपकिन देते हैं और फिर होठों का जिक्र करते हैं। शायद ही किसी ने अमिताभ बच्चन को ऑनस्क्रीन या पब्लिकली फ्लर्ट करते हुए देखा होगा, पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में उन्होंने ऐसा किया। हॉट सीट पर बैठी कंटेस्टेंट के साथ 82 साल के अमिताभ बच्चन ने ऐसा फ्लर्ट किया कि सबकी हंसी छूट गई। वहीं, उनके वन लाइनर ने फैंस का दिल जीत लिया। यह एपिसोड जल्द ही आएगा, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है और यह वायरल हो रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड में हॉटसीट पर नासिक की विजय चड्ढा बैठीं। उनकी उम्र 60 के आसपास होगी।

### टीवी मसाला



## बिग बॉस 19 में दिखेंगे टीवी, फिल्मों और मॉडलिंग से जुड़े सेलेब्स

**नई दिल्ली।** सलमान खान का चर्चित शो 'बिग बॉस 19' रविवार 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। हमेशा चर्चाओं में रहने वाला 'बिग बॉस' इस साल भी ऑडियंस के लिए बड़े सरप्राइज लेकर आने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार घर में टीवी, फिल्मों, मॉडलिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे हैं, जो विवादों की वजह से भी सुर्खियों में रहे हैं। अभी तक कंटेस्टेंट के फाइनल नाम सामने नहीं है। हालांकि, कुछ नामों को लेकर चर्चाएं जरूर चल रही हैं। 90 के दशक से एक्टिव कुनिका सदानंद अपनी बोल्ड छवि और तेजतर्रार स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली नतालिया जानोशेक बॉलीवुड और रीजनल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और पर्सनालिटी उन्हें बाकी कंटेस्टेंट्स से अलग बना सकता है। अभी तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है। अशनूर कौर बचपन से ही टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है।

### गांववालों की पसंदीदा बनीं कृष्णा श्रॉफ

**नई दिल्ली।** कृष्णा श्रॉफ लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह 'छोरियां चली गांव' की सबसे दिलचस्प कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को एक बेहद रोमांचक अनुभव का सामना करना पड़ा। चुनौती—बमूलिया गांव के लोगों को संवारने का एक फुल मेकओवर टास्क. मालिश, हेयरकट, शेविंग और स्टाइलिंग जैसे कामों के जरिए लड़कियों को अपनी सीमा से बाहर जाकर गांववालों का विश्वास जीतना था। जहां कई कंटेस्टेंट्स इस चुनौती से घबराए हुए दिखे, वहीं कृष्णा श्रॉफ ने एक बार फिर अपने निडर रवैये और लोगों से जुड़ने की गहरी क्षमता से सबका ध्यान खींचा। उन्हें



शेविंग और आइब्रो शेपिंग जैसी सलून सेवाएं दी गईं—जो उन्होंने पहले कभी नहीं की थीं। फिर भी कृष्णा ने बिना झिझके इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे पूरे परफेक्शन के साथ पूरा किया। इस पल को और भी खास बना दिया कृष्णा की एक पुरानी याद ने।

## दुनिया की वो बड़ी फ्लॉप फिल्म, बजट 98 मिलियन डॉलर, नुकसान 147 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई फिल्में रिलीज होती है। कुछ फिल्मों को बनाने में मेकर्स पानी की तरह पैसा बहाते हैं। तो कुछ फिल्मों को कम बजट में बनाकर मालामाल हो जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताएंगे जो बॉक्स ऑफिस पर आते ही धड़ाम हो गई। इस फिल्म का बज तो ज्यादा था, लेकिन उतना ही मुंह के बल फिल्म गिरी। इस फिल्म को बनाने के बाद मेकर्स का बुरा हाल हो गया। 2 घंटा 4 मिनट की इस फिल्म का नाम 'कटथ्रोट आइलैंड' है। ये फिल्म 1995 में आई थी यानी कि आज से 30 साल पहले। इस मूवी को बनाने में मेकर्स ने अपनी तिजोरी खोल दी थी। मेकर्स को ऐसी उम्मीदें थी कि इस फिल्म को बनाने के बाद वो मालामाल हो जाएंगे। लेकिन, हुआ इसका ठीक उल्टा।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस की महाफ्लॉप फिल्म कहा जाता है। यहां तक कि इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसे साल 2012 तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म माना गया। इस फिल्म का बजट करीबन 98 मिलियन डॉलर था यानी कि भारतीय करंसी में 8,57,60,29,000.00 में बनकर तैयार हुई थी।

### महाफ्लॉप मूवी

ये एक एंडवेचरस फिल्म थी, जिसका निर्देशन रेनी हार्लिन ने किया था। इस फिल्म में लीड स्टार्स में गीना डेविस, मैथ्यू मोडिन , फ्रैंक लैंगेला, मॉरी चायकिन और पैट्रिक मालाहाइड थे। इस फिल्म की कहानी महिला समुद्री डाकू और उसके साथी की है। वो एक खजाने वाले द्वीप को ढूंढते और अपने विरोधियों का सामना करते हैं। इस फिल्म की आईएमडीबी पर 5.7 की रेटिंग है। इसे आप फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं।

**10 मिलियन यूएस डॉलर कलेक्शन:** जबकि फिल्म ने 10 मिलियन यूएस डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 87,52,75,000 का कलेक्शन कर पाई थी। लिहाजा, इस फिल्म को 147 मिलियन डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 12,86,52,14,560.80 का नुकसान हुआ।

## एक दीवाने की दीवानियत का टीजर जारी, दिखेगी इंटेंस लव स्टोरी



**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा कि रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'का टीजर शुक्रवार को रिलीज हो गया है। टीजर में दोनों एक दूसरे के प्यार में खोए नजर आए हैं। फिल्म में एक इंटेंस लव स्टोरी नजर आएगी। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। टीजर की शुरुआत जोरदार बारिश के सीन से होती है, जहां सभी लोग छाता लिए हुए खड़े हैं। इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की झलक दिखती है। इस बीच हर्षवर्धन राणे की आवाज में वॉइस ओवर आता है, जिसमें वो कहते हैं 'तेरे लिए मेरा प्यार तेरा भी मोहताज नहीं। ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं।'इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की लव स्टोरी से लेकर उनके बिछड़ने तक की कहानी देखने को मिलती है। टीजर को देखकर पता चलता है कि हर्षवर्धन राणे एक बार फिर एक इंटेंस लव स्टोरी लेकर आए हैं, जिसमें प्यार और रोमांस से लेकर दर्द और नफरत तक देखने को मिलेगी। टीजर में एक के बाद एक कई शायराना अंदाज के डायलॉग हैं।



### जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, उनके पीछे की है एक कहानी

## वेटर को आवाज लगाने से बन गया ऐसा गाना, जिसका जादू आज भी है बरकरार

**नई दिल्ली।** संगीत कहां नहीं है? जरूरत है तो बस उस पल को, उस धुन को सुनने की, जो हमारे आसपास की हर बेपरवाह आवाज में है। पानी की टपकती बूंदों में, पत्तों की फड़फड़ाहट में, किसी के कदमों की आहट में, ट्रैफिक में फंसी गाड़ियों के हॉर्न में, हर शोर के कोने में एक संगीत छुपा है। जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, वो जो दिल को छू जाते हैं, कभी अपनी धुन से, तो कभी अपने बोल से, उन सब गीतों के बनने के पीछे की एक कहानी है। ये कहानियां कभी म्यूजिक स्टूडियो की बंद दीवारों में सजती हैं, तो कभी पहाड़ों की कोख में गुनगुनाती धूप में। आज हम यहां एक ऐसे ही हिंदी गाने के बनने का किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया बड़ी दिलचस्प रही। एक ऐसा गाना, जिसका आगाज एक चाय की दुकान में वेटर को आवाज लगाने से शुरू हुआ। वो वेटर तो इस गीत को बनाने वालों के पास देर से पहुंचा, लेकिन हिंदुस्तानी सिनेमा को ऐसा गीत दे गया, जिसका जादू 70 साल बाद भी बदस्तूर बरकरार है।

### हिंदी गीत में तेलुगू की छाप

यह गाना इसलिए भी खास है कि इस हिंदी गीत में तेलुगू की छाप है। लेकिन, मजेदार बात यह भी कि शायद ही इसे सुनने वालों ने कभी इस ओर ध्यान दिया। यही इसके संगीत और अंदाज का जादू भी है। जिसने इसे सुनने वालों को बस बहने दिया, बिना यह पूछे कि वो जो गा-गुनगुना रहे हैं, उसका मतलब है क्या? हम बात कर रहे हैं कि फिल्म 'श्री 420' के सुपरहिट गाने 'रमैया वस्तावैया' की, जिसमें 'वस्तावैया' एक तेलुगू शब्द है। वैसे, इस नाम 'रमैया वस्तावैया' से 2013 में एक फिल्म भी बनी थी। साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी इसका इस्तेमाल हुआ और गाना 'नॉट रमैया वस्तावैया' बनाया गया। खैर, कहानी शुरू से शुरू करते हैं। यह बात है 50 के दशक की। तब राज कपूर अपने प्रोडक्शन हाउस 'आरके फिल्म्स के बैनर तले 'श्री 420' बना रहे थे। राज कपूर, नरगिस और नादिरा स्टारर इस फिल्म में शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने संगीत दिया है।



### खंडाला के होटल में वेटर था रमैया

बात कुछ यूं आगे बढ़ी कि खंडाला में शंकर, जयकिशन, शैलेंद्र और हसरत जयपुरी, चाय-नाश्ते के लिए सड़क किनारे एक होटल में रुकते थे। यह शंकर की पसंदीदा चाय की दुकान थी। शंकर का पूरा नाम, शंकर सिंह राम सिंह रघुवंशी था और उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था। खंडाला के उस होटल में एक वेटर था रमैया, वह तेलुगू था। शंकर उससे इसी भाषा में बात करते थे। उस दिन भी चारों जब होटल में बैठे तो शंकर ने रमैया को ऑर्डर देने के लिए आवाज लगाई। तेलुगू में 'वस्तावैया' का मतलब 'यहां आओ' होता है। शंकर ने उस वेटर को आवाज दी- रमैया वस्तावैया। बताया जाता है कि तब रमैया किसी और का ऑर्डर लेने में व्यस्त था। उसने शंकर की ओर रुकने का इशारा किया। जब थोड़ी देर बाद भी वह नहीं आया, तो शंकर थोड़े अधीर हो गए। उन्होंने एक सुर में कई बार कहा- रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया...

### इस पर तो पूरा गीत बनता है

अब मामला कुछ ऐसा बना कि ये दोनों लाइनें चारों को बड़ी सुरीली लगीं। खैर, रमैया आया, ऑर्डर दिया गया। जब ये चारों वापस मुंबई लौटे तो राज कपूर साहब को ये धुन और बोल सुनाए गए। वह भी इससे बड़े प्रभावित हुए। तय हुआ कि इसे बढ़ाया जाए और एक पूरा गीत बनाया जाए। शैलेंद्र कलम लेकर बैठ गए। शंकर-जयकिशन तबला और हारमोनियम लेकर। इस बीच मन में यह खयाल भी आया कि शायद 'रमैया वस्तावैया' हिंदी के दर्शकों को समझ नहीं आए। लेकिन फिर इसे बदलने लायक कोई दूसरा उपयुक्त शब्द नहीं मिला। इसलिए, मूल तेलुगू शब्द को ही रखा गया।

### गाने हुए बंपर हिट

साल 1995 में जब श्री 420'फिल्म रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इसने उस दौर 3.9 करोड़ रुपए का ग्रॉस बिजनस और 2.00 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वैसे तो फिल्म के सभी 8 गाने हिट हुए। लेकिन, दो गीत प्यार हुआ इकरार हुआ और रमैया वस्तावैया को हिंदी सिनेमा में 'कल्ट' का दर्जा मिला। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और मुकेश की आवाज ने जादू चलाया। कुल मिलाकर खंडाला के चाय की उस दुकान पर, रमैया वेटर को आवाज लगाने और इंतजार के पल से एक ऐसा गीत बना, जो आज 70 साल बाद भी दिल हो छू जाता है।

**खबर संक्षेप**



रेवाड़ी। पौधरोपण कर शहीद को श्रद्धांजलि देते परिजन व ग्रामीण।

### शहीद की पुण्यतिथि पर पौधरोपण कर दी श्रृद्धाजंलि

**कोसली।** कतोपुरी गांव के शहीद नवीन कुमार की 17वीं पुण्य-तिथि पर शुक्रवार को परिवार की ओर से स्कूली बच्चों को बैग व शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर शहीद स्मारक परिसर में पौधारोपण भी किया गया। स्कूली बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर शहीद को नमन किया। इस अवसर पर कपिल कुमार, राजकुमार सरपंच ईश्वर सिंह पूर्व सरपंच, सुभाष, रामनिवास, सज्जन सिंह, मुख्तियार सिंह, पहलाद सिंह, सतीश कुमार, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार व बिजेंद्र कुमार सहित विद्यालय के अध्यापक व छात्र-छात्राएं मौजूद थी। शहीद नवीन कुमार 17 जुलाई 2003 को भारतीय सेना की 78 मीडियम यूनिट में भर्ती हुए थे। 22 अगस्त 2008 को जम्मू के कुपवाड़ा क्षेत्र में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। उन्हें मरणोपरांत वीरता मेडल दिया गया था।

## एससीईआरटी गुरुग्राम के तत्वावधान में चल रहा है प्रशिक्षण

# डाइट हुसैनपुर में क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न, 53 शिक्षकों ने ली ट्रेनिंग

प्रशिक्षण के प्रथम चरण में गणित के 18, रसायन विज्ञान 9, इतिहास 18 व राजनीतिक विज्ञान के 8 प्राध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। शिक्षकों को जानकारी देते प्राचार्य सुभाष चन्द्र।





प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षकों के साथ शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा यानि एससीईआरटी गुरुग्राम के तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हुसैनपुर में चल रहे चार विषयों के पांच दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में गणित, रसायन विज्ञान, इतिहास व राजनीतिक विज्ञान का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें में 53 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर डाइट प्राचार्य सुभाष चंद्र ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू होने के साथ ही पढ़ाई का पैटर्न भी पूरी तरह बदल जाएगा, इसलिए छात्रों के समग्र विकास के लिए अध्यापकों का ज्ञान, नवीन विधियों, 21वीं सदी के कौशल क्षमता का निर्माण, छात्रों की शैक्षिक संरचनाओं को मजबूती प्रदान करने तथा कक्षाओं में प्रभावी शिक्षण वातावरण के लिए इस तरह के प्रशिक्षण नितांत आवश्यक है। वरिष्ठ प्राध्यापक व ट्रेनिंग विंग के प्रभारी डा. बीर सिंह ने बताया कि सभी विषयों के प्राध्यापकों का पिछले वर्ष भी क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कराया गया था। गत वर्ष किसी कारण से रह गए, पदोन्नति एवं सीधी भर्ती के तहत आए प्राध्यापकों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण इस वर्ष विभिन्न चरणों में कराया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में गणित के 18, रसायन विज्ञान 9, इतिहास 18 व राजनीतिक विज्ञान के 8 प्राध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को विषय से संबंधित प्री टेस्ट, क्विज, एक्टिविटी, पोस्ट टेस्ट व फीडबैक सहित सभी प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। एससीईआरटी द्वारा प्रशिक्षित अपने-अपने विषय में पारंगत मास्टर ट्रेनर शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे है।

**नई शिक्षा नीति-2020 को लेकर प्रशिक्षण**

गणित विषय के मास्टर ट्रेनर्स महेंद्र सिंह रावमावि भाकली, सुभाष चंद्र कोसली, रविंद्र प्रकाश व सुदेश कुमारी डाइट से, रसायन विज्ञान विषय के मास्टर ट्रेनर्स पूनम यादव रावमावि गोकलगढ़, सुनीता मलिक धारूहेड़ा, हिस्ट्री विषय के मास्टर ट्रेनर्स उमेद सिंह रावमावि लूला अहीर, बीरेंद्र यादव शाहबाजपुर पैदयावास व सुदेश शर्मा डाइट तथा राजनीतिक शास्त्र विषय के मास्टर ट्रेनर्स दयाराम बरेली खुर्द, शिव प्रकाश जीटी डहीना व भरत सिंह नांगली गोधा ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में विषय आधारित पाठ्यक्रम के अलावा जेनेरिक विषयों जैसे समावेशी शिक्षा, पोस एक्ट, विद्यालय आधारित मूल्यांकन, सॉफ्ट स्किल्स, नई शिक्षा नीति-2020 व तकनीकी शिक्षा पर डाइट के विशेषज्ञ डा. संगीता, अशोक यादव, सुदेश कुमारी, रितु, सत्यपाल, बबीता व दीपक कुमार ने पीपीटी के माध्यम से व्याख्यान दिए। प्रशिक्षण के आयोजन में वरिष्ठ प्राध्यापक, शैक्षिक, गैर शैक्षिक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का सहयोग रहा।



रेवाड़ी। योग प्रतियोगिता को लेकर ऑनलाइन बैठक करते कोच व खिलाड़ी।

## अस्मिता योगासन सिटी लीग का आयोजन 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अस्मिता योगासन सिटी लीग-2025 का आयोजन आगामी 27 अगस्त को श्रीराम पैलेस झज्जर रोड में किया जाएगा। योगासन लीग के आयोजन को लेकर शुक्रवार को ऑनलाइन बैठक में खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को जानकारी प्रदान की गई। हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में योगासन की ओर से आयोजित होने वाली अस्मिता योगासन सिटी लीग बुधवार को प्रातः 8 बजे से शुरू की जायेगी। हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य सचिव डा. युद्धवीर ने बताया कि खेल मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग देश में 50 शहरों में योगासन सिटी लीग का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा प्रदेश में रेवाड़ी तथा जींद में 27 अगस्त को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से महिला शक्ति का योगासन व खेलों के प्रति बढ़ावा मिलेगा। प्रतियोगिता केवल महिलाओं के लिए दो आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी।

**पंजीकरण निःशुल्क**

योगासन के सचिव नितिन कुमार ने बताया की प्रतियोगिता में पंजीकरण निःशुल्क रहेगा तथा विजेता खिलाड़ियों को मेडल, मैरिट के प्रमाण पत्र व सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। योगासन रेवाड़ी के टेक्निकल डायरेक्टर भूपेंद्र यादव व सहसचिव राकेश छिल्लर ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र में महिला खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आह्वान किया है।

# सितंबर में आंशिक रेल सेवाएं रद रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। उत्तर-पश्चिम रेलमार्ग से गुजरती ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

रेलवे की ओर से चूरू-आसलू रेलखंड के मध्य तकनीकी कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं आंशिक रद, मार्ग परिवर्तित व रीशेड्यूल रहेगी। गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर सवारी गाड़ी 11 सितंबर को रेवाड़ी से प्रस्थान करके सादुलपुर तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी रेलसेवा 11 सितंबर को बीकानेर के स्थान पर सादुलपुर से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा बीकानेर-सादुलपुर के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14891 जोधपुर-हिसार रेलसेवा 11 सितंबर को जोधपुर से प्रस्थान करके चूरू तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14892 हिसार-जोधपुर रेलसेवा 12 सितंबर को हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14897 बीकानेर-हिसार रेलसेवा 11 सितंबर को बीकानेर से प्रस्थान करके चूरू तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14898 हिसार-बीकानेर रेलसेवा 12 सितंबर को हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 54604 लुधियाना-चूरू रेलसेवा 11 सितंबर को लुधियाना से प्रस्थान करके हिसार तक ही संचालित होगी तथा गाड़ी संख्या 54605 चूरू-लुधियाना सवारी गाड़ी 12 सितंबर को चूरू के स्थान पर हिसार से प्रस्थान करेगी। मार्ग परिवर्तित व रीशेड्यूल रेलसेवाएं गाड़ी संख्या 20403 प्रयागराज-लालगढ रेलसेवा 10 सितंबर को प्रयागराज से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया सीकर-चूरू होकर संचालित होगी।

### ब्रह्माकुमारी संस्थान में रक्तदान शिविर 24 को

**रेवाड़ी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि एवं विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान व स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 24 अगस्त को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम सेक्टर-4 सैनिक स्कूल के पास आयोजित होगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। बीके बृजेश ने कहा कि रक्तदान महापुण्य का कार्य है और यह किसी जरूरतमंद को जीवनदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में एक्सीडेंट या गंभीर बीमारियों के दौरान अक्सर रक्त की आवश्यकता होती है, लेकिन समय पर रक्त न मिलने से कई परिवार उजड़ जाते हैं।

## अर्थशास्त्र से स्नातकोत्तर के उपरांत छात्र विभिन्न प्रतिष्ठित क्षेत्रों में बना सकते भविष्यः प्रो. बत्रा

- आईजीयू में एमए अर्थशास्त्र में दाखिला लेने का अंतिम अवसर, 31 अगस्त तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। आईजीयू में विभागाध्यक्ष के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के अर्थशास्त्र विभाग में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए एमए अर्थशास्त्र में प्रवेश के लिए आवेदन किए जा सकते है, जोकि एक सुनहरा व अंतिम अवसर है। विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर विकास बत्रा ने बताया कि अर्थशास्त्र विषय देश विदेश में न केवल एक बेहतरीन विकल्प रूप में काफी प्रसिद्ध है, बल्कि यह एक व्यापक करियर स्कोप प्रदान करने वाला क्षेत्र भी है। इस विषय में स्नातकोत्तर प्राप्त करने के उपरांत विद्यार्थी विभिन्न प्रतिष्ठित क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सकते हैं, जैसे कि अनुसंधान संस्थाए, थिंक टैंक एवं नीति आयोगों में रिसर्च एनालिस्ट के रूप में भारतीय आर्थिक सेवा व सिविल सेवाए, भारतीय रिजर्व बैंक तथा बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों में आर्थिक विश्लेषक और सलाहकार विश्व व्यापार संगठन, अंतरराष्ट्रीय मोद्रिक बैंक आदि में संभावनाएं है।



रेवाड़ी। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए पूर्व सैनिक। फोटो : हरिभूमि

### मांगों को लेकर पूर्व सैनिकों ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**रेवाड़ी।** पूर्व सैनिकों ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को राष्टपति के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूर्व सैनिकों की लंबित मांगों को पूरा कराने की मांग की गई है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की जिला इकाई ने प्रधान कैप्टन चंदन सिंह के नेतृत्व में एसडीएम सुरेश कुमार से मिलकर उन्हें राष्टपति द्रोपदी मुर्मू के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूर्व सैनिकों ने बताया कि उन्होंने आजीवन सीमा पर देश की सेवा की है। उनकी कई लंबित मांगों पर अभी तक सरकार ने विचार नहीं किया है। इससे पूर्व सैनिकों को आवश्यक सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूर्व सैनिकों की लंबित मांगों को जल्द पूरा कराया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। इस मौके पर बढ़ी संख्या में परिषद के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# 15 दिन से पुरानी लंबित शिकायतों का एक सप्ताह में विभाग करें समाधानः उपायुक्त

- डीसी अभिषेक मीणा ने की सीएम विंडो, जन-संवाद और समाधान शिविरों में आई शिकायतों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। बैठक में समाधान प्रकोष्ठ, सीएम विंडो, जनसंवाद, सीपीग्राम पोर्टल की समीक्षा करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कि 15 दिन से पुरानी सभी शिकायतों का एक सप्ताह में समाधान करते हुए एटीआर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि शिकायतों का समयबद्ध सीमा में समाधान किया जाए। डीसी ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान प्रकोष्ठ, सीएम विंडो, जनसंवाद, सीपीग्राम पोर्टल पर आई शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका समयबद्ध निपटान करें। हर रोज अपना पोर्टल जरूर चेक करें और निर्धारित समय पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल पर आने वाली जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सभी विभागाध्यक्ष गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा शिकायतें एचएसवीपी विभाग की है, उन्होंने एचएसवीपी विभाग के अधिकारियों को सभी शिकायतों का एक सप्ताह में समाधान करने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि सीएम विंडो व जनसंवाद में जिले का स्कोर अच्छा हैं, इसी प्रकार समाधान शिविर का स्कोर बेहतर बनाना है। सभी विभागाध्यक्ष शिकायतों का तुरंत समाधान करें और एटीआर अपलोड करें। डीसी ने कहा कि समस्याओं का समाधान करके आमजन का जीवन सरल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी शिकायतों का रिव्यू करें। उन्होंने कहा कि गांवों में रास्ते, जोहड़ व सरकारी जमीनों पर कब्जा है तो उस पर संज्ञान लेते हुए तुरंत प्रभाव से कब्जे हटवाए जाए। इसके लिए सभी बीडीपीओ की मासिक बैठक भी आयोजित की जाएगी। पुरानी शिकायतों का एक सप्ताह में हल करें विभाग के अधिकारी।




रेवाड़ी। कैंडल मार्च निकालते हुए सांस्कृतिक संगठन की सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### महिला सांस्कृतिक संगठन ने मनीषा को अर्पित की श्रद्धांजलि, न्याय की मांग

**रेवाड़ी।** महिला सांस्कृतिक संगठन की ओर से भिवानी की अध्यापिका मनीषा को बाल भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई और कैंडल मार्च निकालकर दोषियों गिरफ्तारी कर कड़ी सजा देने की मांग की गई। संगठन की नेत्री सुमन देवी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में महिला व बच्ची सुरक्षित नहीं है। प्रतिदिन दर्दनाक घटनाएं घट रही है। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव शेर सिंह मीरपुर ने कहा कि मनीषा के कत्ल के बाद, न्याय की कत्ल नहीं हो, इसलिए आंदोलन को न्याय मिलने तक जारी रखना होगा। कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि पुलिस प्रशासन की कार्यशैली ने मनीषा हत्याकांड में गंभीर सवाल खड़े कर दिए है। उन्होंने हत्याकांड की जांच पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय के सीटिंग न्यायाधीश से कराने की मांग की। डीवाईओ के जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि नशा, अश्लीलता ने समाज की संस्कृति को बर्बाद कर दिया है।

## राजकीय पॉलिटेक्निक धामलावास में जागरूकता कार्यक्रम

*उद्यमियों को ग्रामीण क्षेत्र में 35%तथा शहरी क्षेत्र में 25 % तक दिया जा रहा है अनुदान*

# बहुतकनीकी संस्थान में युवाओं को स्वरोजगार के लिए विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। पॉलिटेक्निक कॉलेज में युवाओं को जानकारी देते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

जिला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम केंद्र की ओर से शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक धामलावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम यानि पीएमईजीपी, प्रधानमंत्री औपचारिकरण सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना यानि पीएमएफएमई, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा हरियाणा सरकार की एमएसएमई प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी दी गई। एमएसएमई के औद्योगिक प्रसार अधिकारी करन सिंह ने युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता बारे प्रेरित करते हुए योजनाओं की विशेषताओं, लाभ तथा आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाएं उद्यमिता व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से चलाई जा रही पीएमईजीपी योजना बहुत ही बेहतर योजना है, इसके तहत तहत उद्यमी ग्रामीण क्षेत्र में 35 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र में 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। पीएमएफएमई योजना के तहत एकल इकाइयों के लिए 35 प्रतिशत क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी या अधिकतम 10 लाख रुपए तक दिया जाता है। उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा पारंपरिक कारीगरों को टूलकिट सहायता, कौशल प्रशिक्षण, एक लाख पहला ऋण, दो लाख रूपए दूसरा ऋण रियायती ब्याज दर पर, प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपये प्रतिदिन वजीफा एवं कौशल प्रमाणन दिया जाता है।

**50 प्रतिशत की सब्सिडी मिलेगी**

उन्होंने बताया कि मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंट यानि एमडीए के तहत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों एवं मेलों में भागीदारी के लिए पात्र व्यय पर 75 प्रतिशत प्रतिपूर्ति (अंतरराष्ट्रीय अधिकतम 5.50 लाख प्रतिवर्ष व राष्ट्रीय 3.75 लाख प्रति वर्ष) दी जाती है। फ्रेट सब्सिडी के तहत निर्यात इकाइयों को माल ढुलाई व्यय पर अधिकतम 25 लाख तक सब्सिडी, टेस्टिंग इक्विपमेंट सब्सिडी के तहत परीक्षण प्रमाणीकरण उपकरण पर 50 प्रतिशत सब्सिडी या अधिकतम 20 लाख रूपए प्रतिवर्ष, स्टाम्प ड्यूटी-ईडी ड्यूटी छूट के तहत नई औद्योगिक इकाइयों को स्टाम्प ड्यूटी व बिजली शुल्क में पात्रता अनुसार 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक रियायत दी जाती है। हरियाणा ग्रामीण उद्योग विकास योजना के तहत ग्रामीण इकाइयों को 15 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी (अधिकतम 25 लाख रुपए), 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी (अधिकतम 8 लाख रुपए प्रतिवर्ष 7 वर्ष तक) तथा डीजी सेट सब्सिडी (8 हजार प्रति केवीए, अधिकतम 50 प्रतिशत) दी जाती है।

## खाटू श्याम जी श्रद्धालुओं के लिए आज से दो स्पेशल ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से खाटू श्याम जी धाम के श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी एवं जयपुर-भिवानी-जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09633 रेवाड़ी-रींगस एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा 23 अगस्त व 24 अगस्त को रेवाड़ी से रात 10:50 बजे रवाना होकर मध्यरात्रि बाद 1:35 बजे रींगस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09634 रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा 24 अगस्त व 25 अगस्त को रींगस से दोपहर 2:20 बजे रवाना होकर शाम 5:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में नारनौल, डाबला, नीम का थाना, कावंट एवं श्रीमाधोपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में डेमू रैक के 16 डिब्बे होंगे। इसके अलावा गाड़ी संख्या 09733 जयपुर-भिवानी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा 23 व 24 अगस्त को जयपुर से सुबह 7 बजे रवाना होकर दोपहर 2:20 बजे भिवानी पहुंचेगी।

**सूचना**

मैं, राधेश्याम पुत्र स्व. श्री हजारी लाल निवासी गांव नन्दरामपुर बास, तह. व जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नितेश व पुत्रवधु आस्था मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### गांव में बिजली के पोल झुके, हादसों की आशंका बनी

# जनप्रतिनिधियों को अनसुना कर रहे अफसर

# एमएलए ने की निगम के एसडीओ की शिकायत

■ निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सरकार भले ही अफसरों को जनप्रतिनिधियों की बात गंभीरता से सुनते हुए जन शिकायतों का तुरंत निपटारा करने का पाठ पढ़ा रही हो, परंतु हकीकत यह है कि कई अफसर आज भी खुद को जनप्रतिनिधियों से ऊपर मानते हुए उनकी बात पर अमल करने से बच रहे हैं। बिजली निगम के एक एसडीओ ने जब कोसली विधायक अनिल यादव को टका-सा जवाब दिया, तो एमएलए ने भी एसडीओ की शिकायत विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत कर दी। इससे एसडीओ की मुश्किलें बढ़ना तय माना जा रहा है। बीते दिनों सूमाखेड़ा के सरपंच रोहताश ने कोसली एमएलए अनिल यादव को बताया था कि गांव में बिजली के पोल झुके हुए हैं, जिनसे हादसों की आशंका बनी हुई है।

वह इस मामले में बिजली निगम के अधिकारियों से मिल चुके हैं, परंतु निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके बाद एमएलए अनिल यादव ने पाल्हावास सब डिवीजन के एसडीओ उमेश कुमार को फोन करके ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने एसडीओ को निर्देश दिए कि वह सरपंच से बात करते हुए ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराएं। एमएलए अनिल यादव का कहना है कि एसडीओ ने खुद को सरपंच से बड़ा बताते हुए समस्या का निदान करने की बजाय उनसे संपर्क करने की बात कही। एसडीओ ने ग्रामीणों की बिजली संबंधी समस्या का तुरंत निराकरण करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया।


रेवाड़ी। गाव सुमाखेड़ा में झुका हुआ बिजली का पोल व इनसेट में विधायक अनिल यादव। फोटो : हरिभूमि

## एमएलए पर ही तंग करने का लगाया आरोप

बताया जा रहा है कि एसडीओ से एमएलए के निर्देशों पर कार्य करने की बजाय उनके पीए को फोन लगाकर विधायक पर तंग करने के आरोप लगा दिए। एसडीओ ने पीए से कहा कि वह विधायक पर हासमेंट की शिकायत दर्ज कराएंगे। इसके बाद एमएलए ने विशेषाधिकार समिति के समक्ष एसडीओ की शिकायत दर्ज करा दी। समिति इस मामले में एसडीओ से जवाब तलब कर सकती है।

# आईजीयू में विश्व उद्यमिता दिवस पर संगोष्ठी और पाक कला कार्यशाला का आयोजन


रेवाड़ी। कार्यशाला में अतिथियों का स्वागत करते आईजीयू स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### उद्यमिता के महत्व पर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर वूमेन सेल, होटल एंड टूरिज्म विभाग तथा सेंटर फॉर स्किल एनहैंसमेंट एंड प्रोफेशनल डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. सीमा मिगलानी ने शिरकत की तथा मुख्य वक्ता जामिया हमदर्द की प्रसिद्ध शेफ डा. अनुभा रही। आईटीयू स्टाफ ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में डा. अनुभा ने विद्यार्थियों को पाक कला के विविध आयामों से अवगत कराया और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने छात्रों को उद्यमिता के महत्व पर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी किस प्रकार अपने जीवन में एंटरप्रेन्योर बन सकते हैं और किस प्रकार महिला सशक्तिकरण को उद्यमिता के माध्यम से प्रोत्साहन दिया जा सकता है। मुख्य अतिथि डा. मिगलानी ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के प्रति जागरुक करते हुए कड़ी मेहनत के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया एवं होटल एवं पर्यटन उद्योग, उद्यमिता और रोजगारपरक शिक्षा की संभावनाओं से अवगत कराया। द्वितीय सत्र में पाक कला कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न व्यंजन बनाने की बारीकियां सिखाई गई। इस अवसर पर छात्रों ने वेजिटेबल टॉर्टिला, गुआकामोले, टोमैटो साल्सा, वनीला मफिन्स, टोमैटो बेसिल सूप, वाल्डॉर्फ सलाद, कोलस्लॉ सैंडविच, हरा भरा कबाब विथ मिंट चटनी तथा पास्ता विद व्हाइट सॉस तैयार किए। इस मौके पर आईजीयू के कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह, वूमेन सेल की संयोजक प्रो. रश्मि पुंडीर, प्रो. अदिति शर्मा, डा. मीरा, डा. ममता अग्रवाल, डा. भारती तथा डा. रितु बजाज सहित अनेक शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित थे।

# खनन माफियाओं के हमले में वन विभाग का गार्ड गंभीर, कर्मचारियों ने किया धरना-प्रदर्शन


रेवाड़ी। वन विभाग कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में खनन माफियाओं ने वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया। हमले में वन विभाग का गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल गार्ड आईसीयू में भर्ती है। घटना के बाद कर्मचारियों ने ऑफिस में प्रदर्शन करते हुए हड़ताल की चेतावनी दी है। मनेठी में वीरवार को वन विभाग की टीम पैमाइश के लिए गई थी। इस दौरान टीम पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गार्ड संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गार्ड पर जानलेवा हमले से नाराज वन कर्मियों ने शुक्रवार को वन मंडल कार्यालय पर धरना दिया और प्रशासन से खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। वन विभाग के जिला प्रधान अनिल कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो कर्मचारी आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। डीएफओ दीपक प्रभाकर पाटिल ने बताया कि पैमाइश के लिए गई टीम पर भूमाफियाओं ने अचानक हमला कर दिया, गार्ड संजय गंभीर रूप से घायल हुआ है। माइनिंग डिपार्टमेंट की ओर से खनन माफियाओं पर कार्रवाई न किए जाने से से इनका हौसला बढ़ता जा रहा है।



रेवाड़ी। भागवत कथा सुनाते हुए प्रेमानंद गिरी महाराज। फोटो : हरिभूमि

## पंडितों का सिर कलम होने से बचाने के लिए युद्ध से भागे श्री कृष्ण, रण छोड़ कहलाएं : प्रेमानंद

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा के सेक्टर-6 में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन स्वामी प्रेमानंद गिरी महाराज ने राजा जरासंध व भगवान श्री कृष्ण के युद्ध का प्रसंग सुनाया। भगवान श्री कृष्ण ने जरासंध को युद्ध में 17 बार हराया था। परंतु राजा जरासंध युद्ध में अपनी हार नहीं मानी। जरासंध ने 18वीं बार युद्ध करने के लिए मथुरा पहुंचने से पहले एक हजार पंडितों को जप-तप पर बैठा दिया और कहा कि यदि में हारा तो तुम्हें भी हारना होगा तथा तुम्हारी भी मृत्यु निश्चित है और युद्ध करने चल दिए। जब यह बात श्री कृष्ण ने सुनी तो उन्होंने बड़े भाई बलराम को बताया। बलाराम ने कहा कि एक हजार पंडितों का सिर कलम होने से पहले हम युद्ध से भाग चलेंगे, ऐसा करने पर पंडितों के साथ कोई अप्रिय घटनाएं नहीं घटेगी और उन्होंने ऐसा ही किया। महाराज ने कहा कि तभी से श्री कृष्ण को रण छोड़ कृष्ण कहा जाता है, परंतु उनकी लीलाएं अपरमपार थी। उन्होंने जरासंध को एकांत में ले जाकर मारा और मथुरा छोड़कर समुद्र में द्वारिका नगरी बसाई। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की झांकियां भी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर सैकड़ों श्रृद्धालु मौजूद थे।

# उपमंडल की समाजसेवी संस्थाएं युवाओं को रक्तदान के लिए लगातार प्रेरित कर रही: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि रक्तदान के लिए उपमंडल की समाजसेवी संस्थाएं लगातार युवाओं को प्रेरित कर रही हैं। अस्पताल में रक्त की उपलब्धता से चिकित्सकों के लिए मरीज की जान बचाना संभव हो जाता है। एसडीएम विजय कुमार यादव ने शुक्रवार को राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि व विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में भूमिका सदन में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से आयोजित शिविर में आज 61 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया, जो कि कैंसर पीड़ति मरीजों के काम आएगा। राष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एवं चिकित्सा संस्थान बाढ़सा से चिकित्सा टीम ने ब्लड एकत्रित किया। एसडीएम ने बैज लगाकर रक्तदाताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्त, पानी व प्राणवायु ये कुछ मौलिक तत्व ऐसे हैं, जिनका आज तक कोई विकल्प तैयार नहीं हो सका है। इसलिए मरीजों के इलाज के लिए किसी दूसरे व्यक्ति के रक्त पर ही निर्भर रहा जा सकता है। ब्रह्माकुमारी निर्मला ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर एकता, डा. मनोज, अशोक, उर्मिला, ईश्वर सिंह, राजेंद्र व जगदेव मौजूद रहे।


रेवाड़ी। ब्लड डोनर को बैज लगाते हुए एसडीएम विजय कुमार यादव।

## बटौड़ी में प्लॉट में सोए व्यक्ति ने फांसी लगाई

**नांगल मूंदी।** बटौड़ी में वीरवार की रात प्लॉट में सोए करीब 50 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी। थाना खोल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। फांसी लगाने के कारणों की जांच की जा रही है।

गांव निवासी लालसिंह रात को खाना खाने के बाद अपने प्लॉट में सोने के लिए चला गया था। बताया जा रहा है कि रात को ही परिजन प्लॉट में पहुंचे, तो लालसिंह फांसी के फंदे पर लटक रहा था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस के अनुसार मृतक शराब पीने का आदि था। शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। फांसी लगाने के कारणों की जांच की जा रही है।

# अखिल भारतीय भार्गव युवा संघ की तीन दिवसीय टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

*प्रतियोगिता में रेवाड़ी-1, रेवाड़ी-2, आगरा, जयपुर-1, जयपुर-2, अलवर, दिल्ली और लखनऊ की टीमें भाग ले रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अखिल भारतीय भार्गव युवा संघ के तत्वावधान में स्व. गिरधारीलाल भार्गव स्मृति में शुक्रवार को तीन दिवसीय टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ लाल सिंह क्रिकेट ग्राउंड में किया गया। प्रतियोगिता का समापन 24 अगस्त को किया जाएगा। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्षा डा. वंदना पोपली, नवीन पोपली, जिला कोषा अध्यक्ष गौरव शर्मा व मुख्य आयोजक मनोज भार्गव ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में ऑल इंडिया भार्गव सभा के अध्यक्ष अनिल भार्गव, भार्गव सभा अध्यक्ष राजीव भार्गव, भार्गव महिला सभा अध्यक्षा अमिता तथा जयपुर महिला सभा अध्यक्षा मनीषा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में रेवाड़ी-1, रेवाड़ी-2, आगरा, जयपुर-1, जयपुर-2, अलवर, दिल्ली और लखनऊ की टीमें भाग ले रही है। आयोजन में सौरभ भार्गव प्रधान, आशीष भार्गव कोषाध्यक्ष, कुणाल खेलमंत्री, हेमंत संपर्क मंत्री व अंकुर प्रधान सचिव सहित पर्यवेक्षक समीर भार्गव व तरुण भार्गव ने योगदान दिया। इस मौके पर सह-आयोजक के रूप में भार्गव युवा संघ प्रधान चिराग भार्गव, सचिव प्रतीक, स्थानीय संयोजक उप प्रधान सुमित भार्गव व स्थानीय सह संयोजक अंकेश भार्गव सहित युवा संघ टीम मौजूद रही। ऑल इंडिया भार्गव सभा सचिव दीपेश भार्गव ने कॉमेंट्री की।


रेवाड़ी। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## हमारा परिवार संस्था का कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 24 अगस्त को पंजाबी धर्मशाला में नई उमंगों का कार्यक्रम आओ मिलकर रेवाड़ी को बनाएं खुशियों में नंबर वन का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि हरियाणा बोर्ड भिवानी के पूर्व अध्यक्ष वीपी यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि तथा श्रीराम वाहिनी गोरक्षा समिति की जिला अध्यक्ष द्वीपा भारद्वाज विशिष्टातिथि रहेंगी। संस्था की ओर से रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन की प्रधान नेहा शर्मा, ग्रीवेंस कमेटी की सदस्य नीरू भारद्वाज, पर्यावरणविद् अनुराधा सैनी व समाजसेवी हेमंत ग्रोवर का अभिनंदन किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# बीके दरबार पहुंचा अध्यक्षों की नियुक्ति का मामला योग्य कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के लगाए आरोप

■ सक्रिय कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी से की मुलाकात, निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए सौंपा हरिप्रसाद को पत्र

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश भर में एक दशक बाद कांग्रेस पार्टी में हुई जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर सक्रिय कार्यकर्ताओं और जिलाध्यक्ष की दावेदारी जता चुके कांग्रेसियों में असंतोष बढ़ता ही जा रहा है।

यह मामला अब पार्टी के प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद के दरबार में पहुंच चुका है। असंतुष्ट सक्रिय कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी से मिलकर कई जिलों में अध्यक्षों की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कर्मठ व सक्रिय कार्यकर्ताओं की अनदेखी के आरोप लगाए हैं। जिलाध्यक्षों की नियुक्ति सूची जारी होने के बाद कई जिलों के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में असंतोष देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को जिले के कई सक्रिय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद से मुलाकात करते हुए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में चंद नेताओं के समर्थकों को महत्व दिए जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए शिकायत पत्र भी सौंपा। इस पत्र में सक्रिय कार्यकर्ताओं ने दो टूक शब्दों में लिखा है कि जिलाध्यक्षों की सूची में वह नाम हैं, जिनकी चुनिंदा कांग्रेसी नेताओं ने सिफारिश की थी। जो कार्यकर्ता पार्टी के साथ जमीनी तौर पर जुड़े हुए हैं, उन्हें जिलाध्यक्ष पद से दूर रखा गया है। यह लोग कोठी और महलों की राजनीति करने की बजाय लोगों के बीच जाकर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। चंद नेताओं की सिफारिश के आधार पर बनाए गए जिलाध्यक्ष आम लोगों के बीच कांग्रेस को मजबूत बनाने की दिशा में सक्षम साबित होंगे, इसमें पूरी तरह संशय बना रहेगा। साथ ही निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटेगा, जिससे पार्टी को मजबूती देने में सफलता नहीं मिलेगी। असंतुष्ट कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रभारी को बताया कि अगर नेताओं की सिफारिश पर ही संगठन में जिलाध्यक्ष बनाने थे, तो फिर अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर आवेदन की प्रक्रिया का दिखावा क्यों किया गया। इससे मेहनती कार्यकर्ताओं के पार्टी संगठन में विश्वास को भी गहरा झटका लगा है। कार्यकर्ताओं के मुताबिक बीके हरिप्रसाद ने आश्वासन दिया कि उनकी भावनाओं से पार्टी के शीर्ष नेताओं को अवगत कराया जाएगा।

**विरोध जताने वालों में हुड्डा खेम से :** जहां तक रेवाड़ी जिले में जिलाध्यक्ष बनाए जाने की बात है, शहरी और ग्रामीण दोनों पद पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव समर्थकों को मिले हैं। इन पदों के लिए कुल 35 आवेदन गए थे। दोनों पदों पर कैप्टन समर्थकों की नियुक्ति के चलते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा समर्थकों में ज्यादा नाराजगी देखने को मिल रही है। वरिष्ठ पंजाबी नेता महेंद्र छाबड़ा का कहना है कि पार्टी में इसी तरह पदों की बंदरबांट होती रही, तो इससे मजबूत होने की बजाय पार्टी कमजोर हो जाएगी। प्रदेश प्रभारी से मिलने वालों में महेंद्र छाबड़ा, ऋषि यादव, लवली यादव, सुनीता रंगा, भरत सिंह हरचंदपुर बावल, दिनेश भाड़ावास, संजय बहाला, रमेश ठेकेदार, दिनेश ठेकेदार, ओमप्रकाश डाबला, कुलजीत राव, दलबीर चौधरी, अजीत तोंगड़ व एडवोकेट दयाराम आदि शामिल थे।


रेवाड़ी। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी से मुलाकात करते कांग्रेसी नेता। फोटो : हरिभूमि

### राहुल की नीति की गई नजर अंदाज

कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी को बताया कि राहुल गांधी ने हरियाणा आगमन पर स्पष्ट किया था कि संगठन में कर्मठ और जमीनी तौर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को ही स्थान मिलेगा। जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में राहुल की नीति को पूरी तरह नजर अंदाज किया गया है। अगर अध्यक्ष पद नेताओं में ही बांटने थे, तो इससे कार्यकर्ताओं से आवेदन कराने की जरूरत क्या थी। उन्होंने कहा कि इसी तरह पदों की बंदरबांट करनी है, तो भविष्य में आवेदन की प्रक्रिया को भी बंद कर देना चाहिए। अगर सही मायने में पार्टी को मजबूत बनाना है, तो ग्राउंड लेवल पर पसीना बहाने वाले कार्यकर्ताओं को संगठन में महत्व दिया जाना चाहिए। अगर जमीनी तौर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की इसी तरह अनदेखी होती रही, तो आने वाले समय में इससे पार्टी को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।